

## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया के नीमच आगमन पर सम्मान



**नीमच।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के रविवार को नीमच आगमन पर विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक नीमच दिलीप सिंह परिहार, विधायक मनासा श्री अनिरुद्ध मारू, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने आत्मीय स्वागत किया।

### जिले में अब तक औसत 351.1 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक औसत 351.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 724.3 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से 9 अगस्?त 2026 की प्रात: 8 बजे तक जिले की चारों तहसीलों में वर्षा का विवरण इस प्रकार है- नीमच में 416.5 मि.मी., जावद में 278.0 मि.मी., मनासा में 321.0मि.मी. तथा सिंगोली में 389.1 मि.मी. तथा मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 659.0 मि.मी., जावद में 736.0 मि.मी., मनासा में 538.0 मि.मी. तथा सिंगोली में 964.3 मि.मी. तथा वर्षा दर्ज की गई थी। इसी प्रकार, 9 अगस्?त 2026 को प्रात: 8 बजे तक बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 3.0 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस दौरान नीमच तहसील में 12.0 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई तथा जावद, मनासा तथा सिंगोली में वर्षा दर्ज नही हुई।

### खोर गांव में उज्जयनी मनाई, घास बावजी कोनगर भ्रमण कराया



**खोर।** ग्राम पंचायत खोर में उज्जयेनी बड़ेही धूमधाम के साथआज दिनांक 9 अगस्त 2026 रविवार को घास बावजी का जला अभिषेक कर पंडित जी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर बारिश की खेच को लेकर घास बावजी को गांव में नगर भ्रमण हेतु घुमाया गया क्योंकि फसले पूरी तरह मुरझा गई है खेत में पीला मोजिक भी आ गया है फसले सूखने की कगार पर है किसान वआमआदमी काफी चिंतित स्थिति में है अगर इसी तरह रहा तो पीने का पानी भी नसीब होना मुश्किल हो जाएगा इसलिए इंद्र देवता को प्रसन्न करने हेतु ग्रामीणजन, माताओ बहनों द्वारा भजन कीर्तन करते हुए पूरे गांव में घूमते हुए जहां से प्रारंभ हुए वहां पर पुन: ले जाकर स्थापित किया गया हवन शांति कर इंद्र देवता को मनाया गया, गांव के बाहर खेत कुएं पर जाकर दाल बाटी चूरमा का बनाकर इंद्र देवता व भगवान को भोग लगाकर मन्नत की गई कि जल्द से जल्द क्षेत्र मेंबारिश अच्छी होवे व गांव में सुख शांति रहे इंद्र भगवान को प्रसन्न करने हेतु ढोल धमाके डीजे बैंड के साथ घास बावजी को गांव में भ्रमण कराया गया घास बावजी के नगर भ्रमण के दौरान गांव के माता बहनों गांव के ग्रामीण जैन काफी अधिक संख्या की मात्रा में भाग लेकर इंद्र देवतासे अच्छी बारिश की कामना की गई साथ ही गांव में खेड़ा देवत की पूजा भी की गई जितने भी गांव के अंदर या बाहर देवी देवता है उनकी पूजा अर्चना की गई।

### ट्रांसफॉर्मर को रास्ते से हटाने की मांग

**खोर।** समीप ग्राम दामोदर पूरा में आंगनवाड़ी के पास और स्कूलों जाने वाले रास्ते पर सड़क से लगा हुआ ट्रांसफार्मर दे रहा हादसे को निमंत्रण शुक्रवार को भी स्कूल जाने वाली छात्रा टकरा गई बाल बाल बची ग्राम के प्रभुलाल और ग्रामीण जनों ने बच्ची को उठाकर सांत्वना देकर स्कूल भेजा मध्य प्रदेश विद्युत वितरण का कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# जिला अस्पताल के पीछे कचरे का अंबार, स्वच्छता के दावों पर उठे सवाल

- क्रिटिकल केयर सेंटर और मंडी मार्ग के बीच बना कचरा पॉइंट बना परेशानी का कारण
- रहवासियों ने स्थायी समाधान की मांग की



**नीमच।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भले ही बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हों, लेकिन जिला अस्पताल क्षेत्र की तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। जिला अस्पताल रोड से फ्रूट मंडी की ओर जाने वाले मार्ग पर अस्पताल परिसर के पीछे बने कचरा पॉइंट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। एक ओर जिला अस्पताल और पीएम श्री क्रिटिकल केयर ब्लॉक है, तो दूसरी ओर सब्जी एवं फ्रूट मंडी क्षेत्र। इनके बीच सड़क किनारे जमा कचरा राहगीरों, दुकानदारों, मरीजों और उनके परिजनों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

जिला अस्पताल और क्रिटिकल केयर सेंटर जैसे संवेदनशील स्वास्थ्य संस्थानों के समीप कचरा जमा होने से स्थानीय लोगों में चिंता है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में मरीज, उनके परिजन और आम नागरिक आते-जाते हैं। लोगों का कहना है कि कचरे से उठने वाली दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है।

**लंबे समय से बनी है समस्या**–स्थानीय निवासी इरफान ने बताया कि लंबे समय से यहां कचरा जमा होने की समस्या बनी हुई है। कचरा उठाने के बाद कुछ ही समय में लोग दोबारा यहां कचरा डालना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कचरा पॉइंट को यहां से हटाने और खुले में कचरा डालने पर रोक लगाने की मांग की। स्थानीय निवासी मोहम्मद अख्तर ने कहा कि कचरे के कारण रहवासियों के साथ राहगीरों को भी परेशानी होती है। उनका कहना है कि कई बार रात के समय भी सड़क किनारे कचरा डाल दिया जाता है, जिसके बाद आवारा पशु यहां पहुंच जाते हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**दुकानदार बोले- दुकान साफ करें या कचरा**–पीएम श्री क्रिटिकल केयर ब्लॉक के समीप दुकान संचालित करने वाले मोहम्मद उस्मान ने बताया कि यहां दो कचरा पॉइंट बने हुए हैं। हवा के साथ कचरा उड़कर दुकानों तक पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि दुकान की सफाई से अधिक समय कचरा साफ करने में लग जाता है। पूर्व में अधिकारियों को भी समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका।

**प्लास्टिक खाने को मजबूर आवारा पशु**–स्थानीय महिला देवी ने बताया कि लोग कचरा डालकर चले जाते हैं और उसमें मौजूद प्लास्टिक आवारा पशु खा लेते हैं। लोगों का कहना है कि कचरा संग्रहण वाहन दिन में एक बार कचरा उठाता है, लेकिन इसके बाद दोबारा कचरा डालने का सिलसिला शुरू हो जाता है और कुछ ही घंटों में फिर कचरे का ढेर लग जाता है।

### कचरे में आग लगाने से धुआं फैलने की शिकायत

दुकानदार त्रिलोक पाल ने कहा कि एक ओर सब्जी मंडी और दूसरी ओर अस्पताल है तथा बीच में कचरा पॉइंट बना हुआ है। यह व्यस्त मार्ग है, जहां दिनभर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। उन्होंने बताया कि कई बार कचरे में आग लगा दी जाती है, जिससे धुआं आसपास फैलता है और लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने नियमित सफाई और कचरा पॉइंट को व्यवस्थित करने की मांग की।

## भाजपा की संगठनात्मक बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर मंथन



**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को शहर के एक निजी होटल में आयोजित हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, पार्टी की मैदानी गतिविधियों तथा संगठन को अधिक सक्रिय और मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत मंथन किया गया।

बैठक में नीमच जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, मनासा विधायक अनिरुद्ध (माधव) मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान तथा नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत, जनपद पंचायत और नगर पालिका के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी तथा विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्षों ने भी बैठक में सहभागिता की।

## योगासन चैंपियनशिप में 80 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

**नीमच।** योग को स्वस्थ शरीर, मानसिक मजबूती और संतुलित जीवन का आधार बताते हुए रविवार को टाउन हॉल, नीमच में जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया गया। नीमच योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में 80 से अधिक बच्चों और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन विधाओं का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और ऋषि-मुनियों की प्राचीन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहने के साथ मानसिक मजबूती और एकाग्रता भी बढ़ती है। उन्होंने युवाओं से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### छह आयु वर्गों में हुई प्रतियोगिता

चैंपियनशिप में 10 से 55 वर्ष तक के प्रतिभागियों के लिए छह आयु वर्ग निर्धारित किए गए। इनमें सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर, सीनियर-ए, सीनियर-बी और सीनियर-सी वर्ग शामिल रहे। महिला और पुरुष प्रतिभागियों के लिए प्रतियोगिताएं अलग-अलग आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन करते हुए शारीरिक क्षमता, संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और खेलप्रेमियों का भी उत्साह बढ़ाया। एसोसिएशन की पदाधिकारी प्रज्ञा जैन ने बताया कि नीमच में जिला योगासन चैंपियनशिप का यह दूसरा आयोजन है। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में योग के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ योगासन की परंपरा को आगे बढ़ाना और स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

## उमराह के मुकद्दस सफर पर रवाना हुए जायरीन

**नीमच। उमराह के मुकद्दस सफर पर जाने वाले जायरीन शनिवार को पवित्र मक्का-मदीना के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले परिवारजनों, समाजजनों और शुभचिंतकों ने जायरीनों को मुबारकबाद दी और उनके सुरक्षित एवं सफल सफर के लिए दुआ की।**

उमराह के दौरान जायरीन मक्का-मदीना की पवित्र सरज़मीं पर भारत में अमन-चैन, शांति, भाईचारे, एकता और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं करेंगे। साथ ही देश की तरक्की, नागरिकों की सलामती और आपसी सौहार्द कायम रहने की दुआ भी की जाएगी।

जायरीनों के इस मुकद्दस सफर की जानकारी वसीम खान ने दी। उन्होंने कहा कि भारत हमारी मातृभूमि है और देश में अमन, शांति एवं भाईचारा कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मक्का-मदीना की पवित्र सरज़मीं पर अपने वतन की सलामती और खुशहाली के लिए दुआ करना गर्व की बात है।

मदनी टूर एंड ट्रैवल्स की ओर से भी सभी जायरीनों को उमराह की दिली मुबारकबाद देते हुए सुरक्षित और सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं।

जायरीनों ने बताया कि मिलाद-उन-नबी के मुबारक मौके पर मदीना मुनव्वरा की पवित्र सरज़मीं से भारत की अमन-शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की जाएंगी। उन्होंने देश की सलामती और तरक्की को अपने वतन के प्रति मोहब्बत और जिम्मेदारी बताया।

**एक नजर** | **पारंपरिक वेशभूषा में निकली विशाल रैली, लोकगीत और नृत्य ने बांधा समां**

## ढोल की थाप, तीर-कमान और 'जय जोहार'... आदिवासी रंग में रंगा नीमच



**नीमच।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को नीमच आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकजुटता के रंग में रंगा नजर आया। सर्व आदिवासी समाज की ओर से शबरी आश्रम से विशाल रैली निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियां, हाथों में प्रतीकात्मक तीर-कमान और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ बड़ी संख्या में समाजजन रैली में शामिल हुए। लोकगीतों और पारंपरिक लोकनृत्य की प्रस्तुतियों ने आयोजन में सांस्कृतिक रंग भर दिया। वहीं 'जय जोहार' और 'जय जोहार का नारा है, भारत देश हमारा है' जैसे नारों से शहर का वातावरण गूंज उठा।

रैली शबरी आश्रम से प्रारंभ होकर शोरूम चौराहा, फव्वारा चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुरानी कृषि उपज मंडी पहुंची। पूरे मार्ग में समाजजन उत्साह के साथ रैली में शामिल रहे। युवाओं की बड़ी भागीदारी के साथ महिलाओं और युवतियों ने भी पारंपरिक परिधानों में सहभागिता कर अपनी सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शित किया।

**पारंपरिक वेशभूषा बनी आकर्षण का केंद्र**- रैली में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति की जीवंत झलक दिखाई दी। युवक-युवतियां पारंपरिक परिधानों और आभूषणों में नजर आए। कई युवाओं के हाथों में प्रतीकात्मक तीर-कमान थे, जबकि पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर समाजजन कदमताल करते हुए आगे बढ़ रहे थे। रैली को देखने के लिए मार्ग में लोगों की भीड़ भी नजर आई। पारंपरिक संगीत और लोकगीतों की धुन पर समाजजनों ने लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दीं। नृत्य और संगीत के माध्यम से आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और रीति-रिवाजों को प्रदर्शित किया गया। रैली जिस मार्ग से गुजरी, वहां आदिवासी संस्कृति का रंगारंग स्वरूप लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# मंदसौर

## एक नजर में

### कुराश के स्टेट चेम्पियन बने इंदौर और भोपाल



**मंदसौर।** खेल प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में मंदसौर ने एक नई उपलब्धि अपने नाम की। शहर में पहली बार दो दिवसीय 12वीं मध्यप्रदेश राज्य सब जूनियर कुराश चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रदेश के 22 जिलों से पहुंची टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया। दो दिनों तक चले मुकाबलों में खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस स्टेट चेम्पियनशिप में बालिका वर्ग में इंदौर प्रथम स्थान पर रहा तो वहीं बालक वर्ग में भोपाल की टीम अव्वल रही। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच विभिन्न मुकाबले हुए। कम उम्र के खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों को चुनौती दी। स्पर्धा के अन्य विजेताओं की बात करें तो बालक वर्ग में द्वितीय अशोक नगर, तृतीय इंदौर रहा। इसी तरह बालिका वर्ग में द्वितीय भोपाल व तृतीय इंदौर रहा। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों की तकनीक, फुर्ती और आत्मविश्वास ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के बाद विजेता खिलाड़ियों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ. मजहर हुसैन, विहिप जिलाध्यक्ष डॉ. प्रवीणसिंह मंडलोई, जिला महामंत्री हेमंत बुलचन्दानी, नगर मंत्री गौरव शर्मा, पत्रकार किशोर ग्वाला, सीतामऊ पब्लिक स्कूल की संचालक श्रीमती डॉ शेरेबानो. समारोह में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं पदक प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने कहा कि मंदसौर में पहली बार राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता का आयोजन जिले के खेल जगत के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। प्रतियोगिता से उभरते खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है। वर्तमान में यदि आप किसी को भोजन करवा रहे हो तो उतना पुण्य नहीं मिलता जितना कि इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करके मिलता है। क्योंकि इसमें आप नए भविष्य को निखरने के अवसर दे रहे हो, जिससे कई पीढियां तर सकती है। अतिथियों का स्वागत कुराश एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष विवेक स्वामी, प्रदेश सचिव राहुल व्यास एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने भगवा दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन कुराश एसोसिएशन जिला सह सचिव एवं पत्रकार ललित एम. पटेल ने किया, जबकि आभार जिला सचिव हरीश टेलर ने माना।

## सेवानिवृत्ति समारोह में किया पुरस्कार वितरण भी



**मंदसौर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय धुंधडका के सहा.शिक्षक गणेशराम गौवरी द्वारा 40 वर्ष से अधिक शासकीय सेवा में रहते हुए शिक्षकीय कार्य किया। 32 वर्ष से अधिक धुंधड़का में सेवा प्रदान की। विदाई समारोह में अध्यक्षता पूर्व जनपद सदस्य एवं सरपंच प्रतिनिधि अनिता कुंवर सिसौदिया, मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य गोविन्दराम सुहिल, विशेष अतिथि बंसतीलाल जैन पूर्व अध्यक्ष अखिलेशानंद गौशाला धुधड़का और जितेन्द्र सोनी समाजसेवी धुंधड़का, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भगवानलाल डिडोरीया के आथित्य में संपन्न हुआ।

प्रारंभ में अतिथियों द्वारा माता सरसवती का पुजन किया गयां तथा कक्षा 8 की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर श्रीमती सिसौदिया ने कहा कि गांव के प्रत्येक व्यक्ति से जीवित सम्पर्क एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासित एवं नियमितता श्री गणेशराम गौवरी सर की पहचान हैं। आपके द्वारा दि गई शैक्षणिक सेवाएं सदा स्मृणीय रहेंगी।

प्राचार्य गोविंद राम सुहिल ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण है एक शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता होता है 32 वर्ष की सेवाएं धुंधड़का का के लिये मिसाल है। बंसतिलाल जैन ने कहा कि समाज सेवा से जु?कर समाज एवं राष्ट्र सेवा करते रहे क्योंकि शिक्षक कभी रिटायर्ड नही होता सदैव कर्मशील रहता है। जितेन्द्र सोनी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दि। पुर्व प्राचार्य अमृतराम मालवीय ने सामाजिक कार्य से जु?कर नि:शुल्क शिक्षा देने पर बल दिया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष डिडोरीया ने कहा कि गणेशराम गौवरी श्रेष्ठ शिखक हैं।

## जैन तीर्थ पर लगा संस्कार ज्ञान शिविर

**मंदसौर।** रविवार को चन्द्रपुरा स्थित श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ धाम में आचार्य श्री अशोकसागर सूरिश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक की आयु तक के बच्चों व किशोर बालक-बालिकाओं का संस्कार ज्ञान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लगभग 250 से अधिक बच्चों की सहभागिता रही। आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी म.सा. सहित यहां चतुर्मास हेतु विराजित संतों व साध्वियों ने शिविर में शामिल बच्चों को विशेष प्रतिबोध दिया।

धर्मसभा में बच्चों व उनके अभिभावकों को आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी म.सा. ने कहा कि बच्चों के सामने माता-पिता व अन्य परिवारजन असत्य नहीं बोले। बच्चों में झूठ बोलने की आदत घर-परिवार से ही आती है। बच्चों में व्यसन जैसे शराब, गुटका, सिगरेट इत्यादि की गंदी आदतें प?ती हैं उसका कारण भी माता-पिता व परिवारजन होते हैं। बच्चों के सामने कभी भी ऐसे पदार्थ ग्रहण नहीं करने चाहिये। बच्चे यदि बिग? गये हैं तो आत्म चिन्तन करे कि इसका कारण कहीं आप स्वयं तो नहीं हैं। बच्चों के बस्ते का वजन बढ़ाने से कहीं ज्यादा अच्छा है कि आप उसे संस्कार सिखाये। बच्चों के सामने ज्ञान की बातें करे। सुबह जल्दी उठाकर बच्चों को तैयार कर स्कूल भेज देने से माता-पिता का कर्तव्य पूरा होने वाला नहीं है। माता-पिता को आचार्य आर्यरक्षित सूरि की माता रूद्रसोमा से प्रेरणा लेनी चाहिये।

## नि:शुल्क छाता वितरण अभियान शुरू

**मंदसौर। महावीर इंटरनेशनल मंदसौर द्वारा हरित भारत क्क छाता वितरण प्रोजेक्ट के अंतर्गत खुले आसमान के नीचे कार्य करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स एवं श्रमिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नि:शुल्क छातों का वितरण किया गया। संस्था की इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों को धूप, गर्मी व बारिश से बचाव के साथ स्वास्थ्य, सम्मान एवं व्यवसाय को संबल प्रदान करना है।**

महावीर इंटरनेशनल के गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर राकेश जैन ने कहा कि संस्था सबकी सेवा क्क सबको प्यार के मूल मंत्र के साथ निरंतर सेवा कार्य कर रही है। 'सुकून की छाँव' अभियान के माध्यम से श्रमिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। रीजनल सेक्रेटरी सीए आयुष जैन ने बताया कि खुले आसमान के नीचे दिनभर मेहनत करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स एवं श्रमिकों को धूप, गर्मी और बारिश जैसी विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महावीर इंटरनेशनल एपेक्स द्वारा अपने स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'सुकून की छाँव' नाम से नि:शुल्क छाता वितरण अभियान प्रारंभ किया गया है। निवर्तमान अध्यक्ष वीर भागचंद खंडेलवाल ने बताया कि वितरित किए जाने वाले छातों पर संस्था के लोगो के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दर्ज है।

**एक नजर** | **प्राथमिक विद्यालय कुंताखेड़ी में किया गुरु वंदन कार्यक्रम**

## गुरु महिमा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का गूंजा संदेश




**सीतामऊ। अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का दीप प्रज्वलित करने वाली महान भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय कुंताखेड़ी में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ (ब्लॉक शाखा सीतामऊ) के तत्वावधान में भव्य 'गुरु वंदन कार्यक्रम' आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं माँ भारती के पूजन-वंदन के साथ हुआ। तत्पश्चात श्री कृष्ण वल्लभ गुप्ता द्वारा प्रस्तुत ओजस्वी संगठन गीत से पूरा वातावरण राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत हो गया। मंचासीन अतिथियों का परिचय जिलाध्यक्ष श्री विक्रम शर्मा ने कराया।

समारोह को संबोधित करते हुए पेंशनर जिला प्रकोष्ठ प्रमुख श्री ओमप्रकाश सोनी ने गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चे गुरु का मिलना जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। पूरी धरती को कागज और समुद्र को स्याही बना दिया जाए, तब भी गुरु के उपकारों का वर्णन संभव नहीं है। गुरु का आशीर्वाद जीवन की ऐसी अमूल्य पूंजी है जो विपरीत परिस्थितियों में भी सही मार्ग दिखाती है। प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री विनोद कुमार पुनी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से सम्बद्ध मध्य प्रदेश शिक्षक संघ वर्षभर राष्ट्र जागरण और समाज जागरण के कार्य करता है।